


## अपार्टमेंट किराए पर चाहती हैं मुंबई टीम!

मुंबई सूत्रों के अनुसार, मुंबई टीम पूरे अपार्टमेंट को किराए पर लेने का भी विचार कर रहा है। यह रिसर्च में दावा किया गया है कि कोरोना वायरस सेंट्रलाइज्ड एसी वाली इमारतों के डक्ट्स (नलिकाओं) से भी फैल सकता है। आईपीएल से जुड़े सूत्रों का कहना है कि इस बात का भी खतरा है कि यदि टीमें किसी होटल के खास विंग को रिजर्व कर लें, तो भी यह वायरस एसी के कारण खिलाड़ियों को संक्रमित कर सकता है।

## यूएई में खिलाड़ियों को रिजॉर्ट में रखना चाहती हैं फ्रैंचाइजी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रैंचाइजी अपने खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ को पांच सितारा होटलों के बयाय रिजॉर्ट में रखने पर विचार कर रही हैं। इस साल यूएई में लीग का आयोजन होना है और कोरोना वायरस से बचाव के लिए ये उपाय किया जा रहा है, जैसा दावा किया गया था कि यह घातक वायरस एसी डक्ट्स के कारण भी फैलता है। कुछ फ्रैंचाइजी, जैसे सनराइजर्स हैदराबाद पहले से ही गोल्फ रिजॉर्ट्स के संपर्क में हैं। कुछ खिलाड़ियों ने भीड़–भाड़ वाले पांच सितारा होटलों में रहने पर नाखुशी जाहिर की थी। इस बीच, मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइटराइडर्स के अबु धाबी में कैंप लगाने की संभावना है, जो ज्यादा एकांत में है।

**दुबई में रिजहर्ट काफी महंगे:** एक सूत्र ने कहा, हर वक्त तो होटल में सभी को टेस्ट करना आसान नहीं है। हम यहां 60 दिनों से ज्यादा की बात कर रहे हैं। दुबई में रिजॉर्ट काफी महंगे हैं। एक कमरे की व्यवस्था करना बहुत आसान होगा। राज्य टीमों के लिए बीसीसीआई के सामान्य एसओपी के मुताबिक, श्यदि किसी होटल में रहते हैं, तो खिलाड़ियों को बाकी मेहमानों से अलग ब्लॉक या खास बिल्डिंग में अलग–थलग किया जाना चाहिए।

# यूएई में 6 के बजाय 3 दिन का आइसोलेशन

क्रिकेट

## खाने की 'कॉन्टैक्ट लेस' डिलीवरी चाहती हैं आईपीएल टीमें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पांच अगस्त (भाषा) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 13वां एडिशन अगले महीने यूएई में खेला जाना है। इसके लिए टीमें यूएई में छह की बजाय तीन दिन का आइसोलेशन चाहती हैं। इसके अलावा पूर्व सूचना के साथ टीम और पारिवारिक डिनर के आयोजन के लिए उन्होंने बोर्ड की अनुमति भी मांगी है।

बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा कि इसके साथ ही टीमों ने होटल में बाहर से संपर्क रहित (कॉन्टैक्टलेस) खाने की डिलीवरी की अनुमति का भी अनुरोध किया है। इस पर बुधवार की शाम टीम मालिकों और आईपीएल अधिकारियों की बैठक में बात की जाएगी। बीसीसीआई की मौजूदा मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ की यूएई में आइसोलेशन के दौरान पहले, तीसरे




और छठे दिन टेस्ट किया जाएगा। इसके बाद ही उन्हें अभ्यास की अनुमति मिलेगी। इसके बाद भी 53 दिन तक चलने वाले टूर्नामेंट में हर पांचवें दिन उनकी जांच होगी।

अधिकारी ने कहा, 'ज्यादातर खिलाड़ियों ने छह महीने से क्रिकेट नहीं खेला है तो वे ज्यादा से ज्यादा अभ्यास करना चाहते हैं। चिकित्सा विशेषज्ञों की सलाह के आधार पर क्या हम आइसोलेशन छह की बजाय तीन दिन का कर सकते हैं। क्या खिलाड़ियों को 'बायो बबल' में अभ्यास की अनुमति दी जा सकती है।'

बीसीसीआई ने टीमों को 20 अगस्त के बाद ही यूएई रवाना होने के लिए कहा है। चेन्नै सुपर किंग्स समेत कुछ टीमें जल्दी जाना चाहती थी। इसमें यह भी कहा गया, 'क्या टीमों को 20 की बजाय 15 अगस्त के बाद जाने की अनुमति दी जा सकती है ताकि उन्हें अभ्यास और तैयारी के लिए उचित समय मिल सके।'

एसओपी के अनुसार खिलाड़ियों और टीम मालिकों के परिवार आईपीएल के दौरान जैव सुरक्षित माहौल में ही रहेंगे। टीमें चाहती है कि बोर्ड इसकी समीक्षा करे। उन्होंने कहा, 'मौजूदा एसओपी के अनुसार वे टीम के साथ संपर्क नहीं कर सकते जब तक बायो–बबल का हिस्सा नहीं हों। टीम मालिक तीन महीने तक बबल में नहीं रह सकेंगे। इसलिए चिकित्सा सलाह के आधार पर मालिकों और परिवार के साथ विशेष प्रोटोकॉल बनाया जा सकता है।' यूएई में आइसोलेशन के दौरान खिलाड़ियों को टीम के दूसरे सदस्यों से भी बातचीत की अनुमति नहीं रहेगी। वे तीन कोविड टेस्ट होने के बाद ही ऐसा कर सकेंगे। टीमों ने यह भी जानना चाहा है कि क्या खिलाड़ी अपनी अपनी टीमों के प्रति व्यावसायिक दायित्वों का निर्वाह भी कर सकेंगे जिसके लिए उन्हें शूटिंग और लोगों से मिलना पड़ सकता है।

# धोनी ने ईशांत शर्मा से कहा, बेटा, तू है 32 का लेकिन तेरा शरीर 52 का है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। महेंद्र सिंह धोनी अपने कूल स्वभाव के लिए तो जाने जाते ही हैं लेकिन साथ ही उनका सेंस ऑफ ह्यूमर भी जबर्दस्त है। इसका एक उदाहरण टीम इंडिया के पेसर इशांत शर्मा ने भी दिया। शर्मा ने बताया कि कैसे धोनी ने उन्हें उनकी उम्र 32 को लेकर ट्रोल किया था। शर्मा ने बताया कि धोनी उन्हें श्बुढ्ढेश कहकर बुलाते थे। ईएसपीएनक्रिकइंफो के शो में दीप दासगुप्ता के साथ बातचीत में शर्मा ने यह बात बताई।

दरअसल, मानसिक रूप से मैं 32 से ज्यादा को हो चुका हूं। मेरी बीवी मुझे बुढ्ढा बोलती है। माही भाई का भी मुझे मेसेज आता है तो और भी मुझे बोलते





हैं, और बुढ्ढे, क्या कर रहा है। मैं उनको बोलता हूं, माही भाई, मैं 32 साल का हूं तो वो मुझे बोलते हैं, श्तेरी उम्र 32 साल है, लेकिन तेरा शरीर 52 का है बेटा। धोनी को मैदान पर दिखे हुए एक साल से ज्यादा का वक्त गुजर चुका है। वह आखिरी बार पिछले साल जुलाई में हुए वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में नजर आए थे। भारत को उस मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ करीबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था। अगले महीने आईपीएल में वह चेन्नै सुपर किंग्स की ओर से खेलते हुए नजर आएंगे। 19 सितंबर से आईपीएल यूएई में खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट टीम को लेकर धोनी का भविष्य अभी स्पष्ट नहीं है।

## मानसिक रूप से मजबूती ही होगी कामयाबी की कुंजी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मैनचेस्टर। कोरोना वायरस महामारी के बीच जैव सुरक्षित माहौल में खेलना आसान नहीं और ऐसे में इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच बुधवार से शुरू हो रही टेस्ट सीरीज में मानसिक रूप से तरोताजा रहना ही सफलता की कुंजी साबित होगा। वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के बीच सीरीज के जरिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट बहाल हुआ है। वेस्टइंडीज के कप्तान जैसन होल्डर ने कहा कि सात सप्ताह तक टीम सिर्फ होटल और क्रिकेट मैदान तक सिमटी रही और यह मानसिक रूप से काफी मुश्किल था। पाकिस्तान पिछले पांच सप्ताह से इस माहौल के अनुकूल खुद को ढालने की कोशिश में जुटा है। कोच मिसबाह–उल–हक ने स्वीकार किया कि तरोताजा बने रहना ही सफलता की कुंजी होगा। उन्होंने कहा, 'हर कोई फिट है और मानसिक स्वास्थ्य पर भी पूरा ध्यान दिया जा रहा है।' उन्होंने कहा, 'लेकिन टेस्ट क्रिकेट अलग है। मैदान पर आने के बाद कई बार दबाव बन जाता है लेकिन हम मानसिक रूप से तरोताजा रहने की कोशिश करेंगे। पूरी सीरीज में खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते रहेंगे।' पाकिस्तानी टीम से इंग्लैंड को कड़ी चुनौती मिलने की संभावना है।

## न्यूज डायरी




### फेडरर के बाद राफेल नडाल ने भी लिया ग्रैंडस्लैम से नाम वापस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मैड्रिड। गत चौंपियन स्पेन के दिग्गज राफेल नडाल कोरोना वायरस महामारी के कारण यूएस ओपन में नहीं खेलेंगे। इससे रोजर फेडरर के ग्रैंडस्लैम खिताबों के रेकॉर्ड की बराबरी के लिए उन्हें और इंतजार करना होगा। 34 वर्षीय नडाल ने सिलसिलेवार ट्वीट में मंगलवार को अपने फैसले की जानकारी दी। उन्होंने कहा, 'हालात काफी पेचीदा हैं और कोविड – 19 के मामले बढते जा रहे हैं। ऐसा लगता है कि हम इस पर काबू नहीं पा सके हैं।' उन्होंने कहा कि यूएस ओपन नहीं खेलने का फैसला वह नहीं लेना चाहते थे लेकिन इन हालात में यात्रा नहीं कर सकते। स्विट्जरलैंड के दिग्गज रोजर फेडरर भी घुटने के आपरेशन के कारण नहीं खेलेंगे। वहीं, महिला वर्ग में नंबर–1 खिलाड़ी एशले बार्टी पहले ही नाम वापिस ले चुकी हैं।

### इंग्लैंड पर आयरलैंड ने दर्ज की वनडे में जीत, स्टर्लिंग का धमाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** साउथैम्पटन। ओपनर पॉल स्टर्लिंग और एंड्रयू बालबर्नी के दमदार प्रदर्शन से आयरलैंड ने आखिरी ओवर में वर्ल्ड चैंपियन इंग्लैंड को हराकर अपने क्रिकेट इतिहास में उसके खिलाफ दूसरी बार जीत दर्ज की। जीत के लिए 329 रन के लक्ष्य के जवाब में आयरलैंड के लिए स्टर्लिंग और कप्तान बालबर्नी ने 214 रन की साझेदारी की। आयरलैंड ने इससे पहले 2011 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड को हराया था। तब केविन ओ ब्रायन ने शतक जड़ा था। स्टर्लिंग 142 रन बनाकर रन आउट हुए जबकि बालबर्नी ने 113 रन बनाए। आखिरी 33 गेंद में 50 रन की जरूरत थी और वर्ल्ड कप के बेंगलुरू में खेले गए मैच के नायक केविन ओ ब्रायन ने एक गेंद और सात विकेट बाकी रहते टीम को जीत दिलाई। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजी गई इंग्लैंड टीम ने तीन विकेट 44 रन पर गंवा दिए। इसके बाद कप्तान इयोन मॉर्गन ने 84 गेंदों में 15 चौके और 4 छक्कों की मदद से 106 रन बनाए। इंग्लैंड की टीम 49.5 ओवर में 328 रन बनाकर आउट हो गई। कप्तान ने टॉम बैंटन के साथ 146 रन की साझेदारी की।

### प्रतिभा खोज के लिए राज्य अपने स्तर पर 'खेलो इंडिया' गेम्स का आयोजन करें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। खेल मंत्री किरण रिजिजू ने राज्यों से जमीनी स्तर से बड़ी संख्या में प्रतिभाओं को तलाशने के लिए अपने स्तर पर सक्रिय रूप से 'खेलो इंडिया' गेम्स को आयोजित करने की सलाह दी। रिजिजू ने कहा, 'खेलो इंडिया योजना के तहत राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली वार्षिक प्रतियोगिताओं, जैसे कि 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स ऐंड यूनिवर्सिटी गेम्स' ने सभी राज्यों से खेल प्रतिभाओं की पहचान करने में मदद की है। यह हालांकि पर्याप्त नहीं है।' रिजिजू ने खेलो इंडिया योजना की आम परिषद की पहली बैठक के दौरान कहा, 'जो राज्य पहले से ही वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं का संचालन करते हैं, वे खेलो इंडिया योजना के साथ जुड़ सकते हैं और केंद्र इन आयोजनों के संचालन में उनकी मदद करेगा।'

### रोहित शर्मा ने कहा– टीम का कप्तान हूं, लेकिन मेरा महत्व है सबसे कम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रोहित शर्मा आईपीएल के सबसे सफल कप्तान हैं और उनकी अगुआई में मुंबई इंडियंस ने चार बार खिताब पर जीत हासिल की है। एक बार फिर से आईपीएल 2020 का आगाज 19 सितंबर से होने जा रहा है और रोहित शर्मा ने भी इसके लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है। इस लीग के शुरू होने से पहले रोहित शर्मा ने कहा है कि मैं इस बात में विश्वास करता हूं कि जब आप कप्तान हो तो आप टीम में सबसे कम अहम व्यक्ति होते हैं। जब टीम हित की बात होती है तो दूसरे खिलाड़ी अहम बन जाते हैं। हालांकि अलग–अलग कप्तानों की इस मसले पर अपनी–अपनी राय है, लेकिन मेरा तो ऐसा ही मानना है। आपको बता दें कि सुरेश रैना ने हाल में उनके शांत व्यवहार की तुलना एम एस धौनी से की थी। उन्होंने कहा था कि दोनों में एक समानता तो है कि रोहित शर्मा भी मुश्किल परिस्थितियों में पूर्व भारतीय कप्तान धौनी की तरह ही दिखते हैं।